तापमान
अधिकतम 37 .4 डिग्री
न्यूनतम 14 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

12 कॉलेज प्रांगण में धूमधाम से मना बैसाखी पर्व ...


12 किसानों के लिए नए नियम बने मुसीबत


## खबर संक्षेप

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**यमुनानगर।** गांधी नगर थाना पुलिस ने किशोरी के छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रबंधक जगबीर सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी ने शिकायत दर्ज करवाई कि अगस्त 2023 को जब उसकी उम्र 17 वर्ष थी तो वह अपनी मौसी की लड़की के साथ मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने गई थी। तभी रास्ते में उनके पड़ोस में रहने वाला लड़का सुमित ने अश्लील हरकत की। मना करने पर आरोपी ने उसका अपहरण कर जबरदस्ती शादी करने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने सुमित को गिरफ्तार कर लिया।

### हथियार सप्लायर लक्की गिरफ्तार

**यमुनानगर।** यमुनानगर में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की फैक्ट्री पर फायरिंग मामले में सीआईए-2 पुलिस ने हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी लवीश उर्फ लक्की को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पहले पकड़े गए शूटर अभिषेक उर्फ अभि से पूछताछ के बाद हुई।पुलिस के अनुसार लक्की ने ही शूटरों को पिस्टल उपलब्ध कराई थी और वह नेटवर्क की अहम कड़ी है। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस उससे हथियारों की सप्लाई चेन और अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में दो आरोपियों को गांव कलरहेड़ी से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सतविंद्र सिंह निवासी गांव कलरहेड़ी जिला अंबाला तथा रामपाल निवासी गांव टुंडला जिला अंबाला के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### स्नैचिंग का भगोड़ा आरोपी गिरफ्तार



**बराड़ा।** अंबाला पुलिस द्वारा 'पीओ (घोषित अपराधी) एवं बेल जंपर' के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बराड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्नैचिंग के मामले में एक भगोड़े आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखबीर सिंह उर्फ लक्की निवासी 66 केवी कॉलोनी, बराड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में स्नैचिंग की वारदातों को लेकर थाना बराड़ा में मामला दर्ज था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, जिसके चलते माननीय न्यायालय ने उसे 6 अप्रैल 2026 को उद्घोषित अपराधी (पीओ) घोषित कर दिया था।

### समालखा में विवाहिता ने जहर खाया

**समालखा।** पानीपत के गांव बुडश्याम निवासी राहुल शर्मा की पत्नी रितु की हालत बिगड गई। रितु को एनसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया। जहां मेडिकल जांच में पता चला की रितु के शरीर पर जहर का दुष्प्रभाव है। इधर, रितु के पिता पालाराम का आरोप है कि रिते को उसके पति राहुल शर्मा, इसके भाई सागर व भाभी दीपा ने जहर दिया है। वहीं, पालाराम की शिकायत पर थाना समालखा पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

### मुख्यमंत्री सैनी ने बैसाखी महोत्सव पर नरेंद्र मोदी के संबोधन को ऑनलाइन सुना

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बेटियों को मिलेगा नेतृत्व का अधिकार

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से लिंगानुपात 871 से बढ़कर 923 हुआ
- सुकन्या समृद्धि योजना व अन्य पहल से महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर देने की दिशा में तेजी



रोहतक। बैसाखी महोत्सव पर मोदी के संबोधन को सुनते सीएम नायब सैनी।



कुरुक्षेत्र। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम नए भारत की ऐसी तस्वीर है, जहां देश की बेटियों के सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह अधिनियम महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें निर्णय लेने की मुख्य धारा में लाता है और नीति निर्माण में नेतृत्व की भूमिका प्रदान करता है।सोमवार को कला एवं सांस्कृतिक विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से सुना। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद महाराज, सुभाष सुधा, डा. प्रभलीन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 में पानीपत से शुरू किया गया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान इस दिशा में पहला बड़ा कदम था। उस समय हरियाणा का लिंगानुपात 871 था, जो अब बढ़कर 923 हो गया है। यह समाज में सकारात्मक बदलाव और बदलती सोच का प्रमाण है।उन्होंने कहा कि यह अधिनियम केवल कानून नहीं, बल्कि माताओं-बहनों के सामर्थ्य पर विश्वास का प्रतीक है। आज हरियाणा की बेटियां खेल, शिक्षा और रक्षा सहित हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षित माहौल, बेहतर शिक्षा और समान अवसर देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत भी वर्ष 2015 में की गई थी, जिसके तहत देशभर में 4.20 करोड़ खाते खोले गए हैं, जबकि हरियाणा में 9.56 लाख खाते खोले जा चुके हैं। इसके अलावा रक्षा सेवाओं में महिलाओं को स्थायी कमीशन और सैनिक स्कूलों में प्रवेश की अनुमति भी दी गई है।उन्होंने कुरुक्षेत्र की धर्मनगरी से आह्वान किया कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महिलाओं को नीति निर्धारण में अग्रणी भूमिका देनी होगी।

## गुरु परंपरा के प्रचार-प्रसार में जुटी सरकार : नायब सैनी

**कुरुक्षेत्र।** नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार गुरु साहिबानों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में उन्होंने दंगल व अंतरराष्ट्रीय पतंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और सिख इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय बनाया जाएगा, जबकि 5 मई को श्रद्धालुओं के लिए श्री नांदेड़ साहिब हेतु ट्रेन चलाई जाएगी। साथ ही 1984 दंगा पीड़ित परिवारों को सहायता व रोजगार देने के कदम भी गिनाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर सबको बैसाखी के पावन पर्व की बधाई दी। इसके साथ ही खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर महान गुरुओं के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज को सिख संगत की तरफ से कृपाण, सरोपा तथा खंडा साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आज भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है।

---

### पानीपत के गांव राणा माजरा में वारदात

## युवक के सिर में बाइक की चाबी घोंपकर हत्या

> पीजीआई रोहतक में दम तोडा, पिता की शिकायत पर दो लोग नामजद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव राणा माजरा निवासी 23 वर्षीय रिंकू पुत्र श्रीपाल की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर, श्रीपाल की शिकायत पर जहां थाना सनौल खुर्द पुलिस ने पीजीआई पहुंच कर रिंकू के शव का पोस्टमार्टम करवाया, वहीं, रिंकू की हत्या के आरोप में गांव राणा माजरा निवासी प्रवीण व सोनू पर केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद रिंकू का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। इधर, श्रीपाल ने बताया कि प्रवीण व सोनू ने रंजिशन रिंकू को बहका कर अपने साथ नौ अप्रैल को गांव बराना की ओर ले गए। रास्ते में प्रवीण व सोनू ने रिंकू को पीटा और अपनी बाइक की चाबी से रिंकू के सिर पर प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल रिंकू को पानीपत सिविल अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद चिंताजनक हालत में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

### 28 जनवरी 2025 को शिकायत मिली थी

## बागवानी विभाग में सब्सिडी घोटाला, 5 कर्मी गिरफ्तार

**अंबाला।** अंबाला पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बागवानी विभाग में सरकारी सब्सिडी के नाम पर लाखों रुपये के गबन के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक परमवीर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में सामने आया कि आरोपियों ने मिलीभगत कर वर्ष 2023 से विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि को अवैध रूप से हड़प लिया। मामले की जानकारी देते हुए निरीक्षक परमवीर ने बताया कि 28 जनवरी 2025 को इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच में पाया गया कि जिला बागवानी अधिकारी कार्यालय, अंबाला के कुछ कर्मचारी निजी व्यक्तियों व किसानों के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर हैप्पी सिंह, नवनीत, शिवम, राजेश कुमार और गुरविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को 10 अप्रैल 2026 को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर गबन की गई राशि की रिकवरी की जा रही है। अंबाला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस" की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी और जनता के हक पर डाका डालने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

---

### कुरुक्षेत्र में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे 152 पर बड़ा हादसा

## ट्रक में घुसी कार, बुजुर्ग की मौत

- बुजुर्ग अपनी फैमिली के साथ बाबा खाटू श्याम के दर्शन के बाद घर लौट रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। मौके पर जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे 152 पर एक कार खड़े ट्रक के नीचे घुस गई। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटे और दामाद को भी चोटें आई हैं। बुजुर्ग फैमिली के साथ बाबा खाटू श्याम के दर्शन करके हिमाचल अपने घर लौट रहा था। एक्सीडेंट सुबह करीब साढ़े 6 बजे लौटनी गांव के पास हुआ। साहिल सच्चर निवासी सतोषगढ़ जिला ऊना के मुताबिक, उसकी गांव में रेडिमेंट कपड़े दुकान है। मैं दो दिन पहले 11 अप्रैल को पिता बृजमोहन, बहन नीतू, चांदनी निवासी सतोषगढ़ और जीजा सौरव सोनी निवासी सरथरी जिला रोपड स्विफ्ट कार में सवार होकर खाटू श्माम मंदिर में दर्शन करने के लिए गए थे। यहां दर्शन करने के बाद कल यानी 12 अप्रैल की रात वापस कार में घर जाने के लिए चल पड़े। जैसे ही वे सुबह 6:30 बजे 152 पर लोटनी गांव के पास पहुंचे, तो उनकी कार सड़क पर खड़े ट्रक के नीचे घुस गई।

### अंबाला: नगर निगम व पंचायती उपचुनाव की घोषणा, आचार संहिता लागू

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि अंबाला शहर में नगर निगम चुनाव तथा पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नामांकन के लिए नोटिस 15 अप्रैल 2026 को जारी किया जाएगा। उम्मीदवार 21 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल 2026 को की जाएगी, जबकि उम्मीदवार 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इसके तुरंत बाद चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे।

## गोतस्करी में दो और आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी तीन दिन के रिमांड पर भेजे गए आरोपी
- इंद्री में गोवंश अवशेष मिलने के बाद खुला नेटवर्क, पहले चार आरोपी हो चुके गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



जिला पुलिस करनाल की सीआईए-1 टीम ने गोतस्करी के मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में एएसआई राजीव कुमार की टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आसीफ उर्फ सोनू निवासी शामली (उत्तर प्रदेश) तथा वाजिद निवासी सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस जांच के अनुसार थाना इंद्री क्षेत्र में नहर की पटरी पर गोवंश को काटकर उनके अवशेष फेंकने की घटनाएं सामने आई थीं, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस पहले ही चार आरोपियों आजम, नवाब, शहजाद व चांद को गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ के दौरान सामने आया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी भी इस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाजिद को यमुनानगर से और आसीफ को पानीपत क्षेत्र से गिरफ्तार किया। दोनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

---



यमुनानगर। सीआईए पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया हेरोइन का सप्लायर।

## नशा तस्कर से हेरोइन बरामद मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


जिला पुलिस की सीआईए वन पुलिस टीम ने गत दिनों नशातस्कर से बरामद की गई 16 ग्राम हेरोइन के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। यहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

जानकारी के अनुसार टीम के इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना पर पांजूपुर नहर पुल के पास से आरोपी शादीपुर निवासी इल्ताफ को 16 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि वह यह नशीले पदार्थ जिला सहारनपुर के गांव दुम्झेडा निवासी मुनशेद से खरीद कर लाया था। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मुनशेद को भी गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## पानीपत के राजाखेड़ी में आग से 125 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के गांव राजाखेड़ी में करीब 125 बीघा भूमि में खड़ी गेहूं की फसल आग में जल कर राख हो गई। वहीं ग्रामीणों ने कडे प्रयास कर आग को अन्य खेतों में फैलने से बचाया। वहीं, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इधर, दमकल भी आग को काबू करने के लिए घटनास्थल पर गई थी, वहीं, तब तक ग्रामीणों ने आग को काबू कर लिया था। दूसरी ओर, इनेलो और भारतीय किसान यूनियन सिद्धपुर के पदाधिकारियों ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर गांव बुआना लाखू समेत अन्य गांवों में किसानों की आग में जली गेहूं की फसल के लिए मुआवजे की मांग की है। इनेलो के जिला प्रधान कुलदीप राठी ने बताया कि एसडीएम नवदीप सिंह ने आग पीड़ित किसानों को सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया है। इधर, इसराना अनाज मंडियों में सर्वर डाउन होने के चलते गेहूं की मंडियों में आवक काफी देर तक बंद रही।



पानीपत। गांव राजाखेड़ी में गेहूं की फसल में लगी आग को काबू करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

## 7.95 लाख की साइबर ठगी में दो पकड़े

> एपीके फाइल डाउनलोड कर बैंकिंग ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम टीम ने 7 लाख 95 हजार रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। निरीक्षक राजबीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 12 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए आरोपी हर्ष निवासी विजय विहार, सेक्टर-5 रोहिणी (दिल्ली) हाल निवासी इंद्रापुरी, मोदीनगर (गाजियाबाद) तथा शनि निवासी गांव जहांगीरपुर, मोदीनगर (गाजियाबाद) को गिरफ्तार किया। मामले की जानकारी देते हुए निरीक्षक राजबीर ने बताया कि गांव कसेरला खुर्द निवासी जसविंद्र सिंह ने 21 जनवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 से 17 जनवरी के बीच अज्ञात ठगों ने एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर खुद को बैंक कर्मचारी बताकर ऑनलाइन बैंकिंग सिखाने के बहाने उससे 7.95 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी हर्ष का बैंक खाता इस ठगी में प्रयोग किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी हर्ष को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि आरोपी शनि को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान ठगी की राशि बरामद की जाएगी।

### फायर वुड सप्लाई मंगवाकर आरोपियों ने भुगतान देने से किया इनकार

## महिला कारोबारी से 70 लाख रुपये की ठगी

- पुलिस ने पांच आरोपियों पर धोखाधड़ी का केस दर्जकर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जगाधरी में एक महिला कारोबारी के साथ 70 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। मैसर्ज ओशो टिम्बर्स की प्रोपराइटर शालू रानी ने आरोप लगाया कि एश्वर्य लाइफ साइंस, एश्वर्य हेल्थ केयर और सेलीब्रिटी बायो फॉर्मा से जुड़े पदाधिकारी ने उनसे फायर वुड सप्लाई मंगवाकर पैसे देने से मना कर दिया। बाद में आरोपियों ने उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मैसर्ज ओशो टिम्बर्स की प्रोपराइटर शालू रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पति प्रदीप कश्यप के साथ 2011 से फायर वुड का कारोबार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2024 में संजीव शर्मा ने उनसे संपर्क कर बड़ी मात्रा में फायर वुड सप्लाई की बात कही। आरोपियों ने एश्वर्य लाइफ साइंस, एश्वर्य हेल्थ केयर और सेलीब्रिटी बायो फॉर्मा के नाम से कंपनियां बनाई हुई हैं। इनकी कंपनियों का कार्यालय हिमाचल प्रदेश के बद्दी में तथा मुख्य कार्यालय जीरकपुर पंजाब में स्थित बताया गया है। जब उन्होंने भुगतान को लेकर आश्वासन मांगा तो उन्हें जीरकपुर बुलाकर कंपनी के चेयरमैन नीरज नीर और एमडी आदित्य नीर से मिलवाया गया। जहां 45 दिनों के भीतर भुगतान और देरी होने पर 18 प्रतिशत ब्याज देने का भरोसा दिया गया। इस भरोसे पर उन्होंने 30 जनवरी 2025 से बद्दी स्थित प्लांट में लगातार बिल और बिल्टी के साथ फायर वुड की सप्लाई शुरू कर दी।

आरोप है कि तय समय बीतने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया और करीब 60 लाख रुपये बकाया हो गए। इसके बाद आरोपियों ने दबाव बनाते हुए कहा कि अगर आगे माल नहीं भेजा तो पुरानी पेमेंट भी नहीं मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### आईबी कॉलेज में हुआ लिटरेरी वीक

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के अंग्रेज़ी विभाग की टैगोर सोसाइटी द्वारा आयोजित इंस्पायरिंग इकोज़ ऑफ़ फेमिनिज़्म" थीम पर एक सप्ताहव्यापी लिटरेरी वीक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्य के माध्यम से नारी सशक्तिकरण, समानता और सामाजिक जागरूकता के प्रति गहरी समझ विकसित करना था। लिटरेरी वीक के तहत विद्यार्थियों ने नारी अस्मिता, लैंगिक समानता, संघर्ष और आत्मसम्मान जैसे विषयों पर प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी।

### समाधान शिविर में हुई 25 शिकायतों की सुनवाई

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने 25 शिकायतों की सुनवाई कर उनका निपटारा किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज, एडीसी अंकित चौकसे, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप, सीईओ डॉ. किरण, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स, एलडीएम राजकुमार, डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, डॉ. प्रज्ञा, कृषि विभाग के कार्यकारी अभियंता सुधीर, पुलिस कंप्लेंट अधिकारी सुरेश सरोहा, महेश त्यागी, संजीव शर्मा, जोगिंदर, रमेश आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कृमि दिवस पर अधिकारियों को दिए निर्देश

पानीपत। जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यबल की बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह अभियान 21 अप्रैल को आयोजित होगा, जबकि 5 मई को अनुवर्ती दिवस रखा गया है। बैठक में नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत पर अधिकारियों को निर्देश

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा कि आरबीएसके जैसी महत्वपूर्ण योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों में बीमारियों और विकारों की समय रहते पहचान हो सके।

### बैसाखी पर जीडी गोयंका पर हुआ रंगारंग कार्यक्रम

**पानीपत।** जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में बैसाखी के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। मौके पर चेयरमैन अतुल जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, वाइस चेयरमैन युवराज जैन और समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अधिकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता करें सुनिश्चित : बहमनी

# मेयर ने शहर के तीन वार्डों में 92.86 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**वार्ड नंबर 6 में 23.97 लाख रुपये की लागत से विभिन्न गलियों और स्टॉर्म वाटर लाइन कार्य का किया शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम द्वारा शहर में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने कह दिशा में करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे है। सोमवार को भी मेयर सुमन बहमनी ने सोमवार को तीन वार्डों में 92.86 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इससे विभिन्न कॉलोनियों में गलियों, नालियों और स्टॉर्म वाटर लाइन के निर्माण कार्यों करवाए जाएंगे। मौके पर मौजूद मेयर ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश भी दिए।मेयर द्वारा जगाधरी के वार्ड नंबर 6 स्थित गुरु अर्जुन नगर में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, मार्केट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन विपुल गर्ग तथा पार्षद अंकित गोयल के साथ 23.97 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न गलियों और स्टॉर्म वाटर लाइन के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत मीनाक्षी गुप्ता के घर से गुरुद्वारा साहिब तक, गुरुद्वारा साहिब से मुकेश बंसल के घर तक तथा मुकेश बंसल के घर से रोशन लाल के प्लॉट तक गलियों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा शंकर नगर में पीसी वाइन शॉप के पीछे वाली गली का भी निर्माण होगा। क्षेत्र में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए यहां स्टॉर्म वाटर लाइन भी डाली जाएगी। वार्ड 12 की शंभू कॉलोनी में मेयर सुमन बहमनी द्वारा पार्षद तिलक राज की मौजूदगी में 43.87 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गलियों और नालियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इससे यहां पानी निकासी की समस्याओं से राहत मिलेगी। वार्ड 21 की राम नगर कॉलोनी में पार्षद मनजीत कौर की उपस्थिति में 25.02 लाख रुपये की लागत से गलियों और स्टॉर्म वाटर लाइन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नागरिकों को बेहतर सड़कें, मजबूत जल निकासी व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि लोगों को लंबे समय तक इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता हैए ताकि नागरिकों को स्थायी और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम की डबल इंजन व्यवस्था के चलते शहर के हर वार्ड में तेज गति से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष फोक्स किया जा रहा है। जनता से किए गए विकास के वादों को जमीन पर उतारना ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के जिलों में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। प्रदेश के जनता को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में देश का हर वर्ग तरक्की कर रहा है। भाजपा के शासनकाल में यमुनानगर जिले में लगातार विकास कार्य हो रहे है। वहीं मार्केट कमेटी जगाधरी के चेयरमैन विपुल गर्ग ने कहा कि मेयर सुमन बहमनी के नेतृत्व में नगर निगम लगातार वार्ड स्तर पर विकास को नई गति दे रहा है। जिन क्षेत्रों में लंबे समय से टूटी गलियों और जलभराव की समस्या बनी हुई थीए वहां अब बड़े स्तर पर कार्य शुरू होने से लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। मौके पर नगर निगम सहायक अभियंता मृणाल जैयसवाल, सहायक अभियंता राजेश शर्मा, कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज धीमानए,आदेश राणा, मदन, मास्टर धर्मवीर, बिल्ला राणा आदि मौजूद रहें।

# जनगणना का पहला चरण का 16 से : डीसी



यमुनानगर। जनगणना के बारे में जानकारी देते हुए उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

- उपायुक्त ने जिलेवासियों को जनगणना के कार्य में प्रशासन का सहयोग करने का किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

देश में जनगणना-2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास जनगणना से किया जा रहा है। जो निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाएगा। इस चरण में घरों की स्थिति,उपलब्ध सुविधाएं एवं परिवारों से संबंधित मूलभूत जानकारी एकत्रित की जाएगी। द्वितीय चरण में प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित विस्तृत सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय जानकारी एकत्र की जाएगी। उक्त जानकारी सोमवार को उपायुक्त प्रीति ने जिला सचिवालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना का कार्य शुरू हो रहा है। जनगणना के पहले चरण की शुरुआत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक होगी। इस चरण में शिक्षा, घरों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं तथा परिवारों की सम्पतियों आदि की जानकारी एकत्र की जाएगी। ताकि प्रत्येक व्यक्ति की सही जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और जनगणना का कार्य सही सम्पन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना के कार्य में व्यक्तिगत डाटा का बहुत ही महत्व है। जनगणना का कार्य हम सभी के लिए बहुत ही अहम कार्य है और जनता जनगणना के कार्य में सहयोग कर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने कहा कि जनगणना से जुड़े कार्यों में जनता अपनी संपूर्ण जानकारी दें। व्यक्तिगत डाटा की जानकारी गुप्त रखी जाएगी। इस डाटा को किसी भी सरकारी योजना के साथ नहीं जोड़ा जाएगा। जनता से जनगणना के कार्यों से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील भी की।

### जनगणना में दे सही जानकारी

उपायुक्त ने कहा कि जनता द्वारा सही जानकारी देने से जनगणना के कार्यों को करने में आसानी होगी। जनगणना से यह जानकारी प्राप्त हो सकेंगी कि हमारा देश किस दिशा में आगे बढ़ रहा है और देश को कैसे और अधिक विकासशील देश बनाया जा सकें। उन्होंने बताया कि जनगणना के पहले चरण में प्रत्येक परिवार से महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जाएंगे। जिनका उद्देश्य देश की जनसंख्या, आवासीय स्थिति, सुविधाओं एवं संसाधनों की सटीक जानकारी एकत्र करना है।

## निर्धारित मानदंडो पर मंडियों में खरीदी जा रही है गेहूं: उपायुक्त



**यमुनानगर।** जिला की अनाज मंडियों में सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानदंडो अनुसार गेहू की खरीद की जा रही है। जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में चालू सीजन में अब तक कुल 71604.87 मीट्रिक टन गेहू की आवक हो चुकी है। जिसमें से खरीद एजेंसियों द्वारा अब तक 41 हजार 670 मीट्रिक टन क्विंटल गेहू की खरीद की गई है। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने सोमवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला की अनाज मंडियों में अब तक खरीदी गई गेहू में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 7241.4 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 25200 मीट्रिक टन गेहू व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन 9228 मीट्रिक टन गेहू की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि जिला की व्यासपुर मंडी में 6897.5 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 2252.3 मीट्रिक टन, गुमथला रॉव अनाज मंडी में 295 मीट्रिक टन गेहू, जगाधरी अनाज मंडी में 7224 मीट्रिक टन गेहू, जठलाना अनाज मंडी में 201 मीट्रिक टन गेहू, खारवन अनाज मंडी में 452 मीट्रिक टन गेहू, प्रतापनगर अनाज मंडी में 1224.4 मीट्रिक टन, सरस्वतीनगर अनाज मंडी में 11683 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 3554 मीट्रिक टन, रणजीतपुर अनाज मंडी में 1419 मीट्रिक टन गेहू, रसूलपुर अनाज मंडी में 1695 मीट्रिक टन व साढौरा में 4772 मीट्रिक टन गेहू की खरीद हो चुकी है।



## गायिका आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

**रादौर।** रोटरी क्लब रादौर द्वारा कस्बा में कार्यक्रम आयोजित कर पद्यम विभूषण एवं दादा साहेब फालके पुरस्कार से सम्मानित महान गायिका आशा भोसले के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान रोटरी क्लब के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रभु से कामना की गई। क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी व सचिव भारत माटिया ने कहा कि देश की प्रसिद्ध दिग्गज गायिका आशा भोसले के निधन से देश ने महान गायिका को हमेशा के लिए खो दिया है। जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। दशकों तक उन्होंने अपनी गायिकी से देश व दुनिया के लोगों के दिलो पर राज किया। देश व दुनिया के लोग उन्हें कभी नहीं भुला पायेंगे। उन्होंने कहा कि आशा भोसले ने अपने जीवन में हजारों गाने गाकर लोगों को दिल जीता है। उनकी आज विश्वभर में एक महान गायिका के रुप में पहचान है। जिसे देशवासियों ने खो दिया है। लेकिन वह अपने गानों के माध्यम से सभी को याद रहेंगी।

# जनसमस्याओं का समाधान करना अधिकारियों की प्राथमिकता: अंजना

- जिला सचिवालय में हुआ समस्या समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए एसीआर अंजना व अन्य ।

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त कार्यालय के एसीआर अंजना ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियो को सौंपकर उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

एसीआर अंजना ने बताया कि प्रदेश सरकार के साथ साथ जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। इसी कड़ी में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रकार के मुद्दों को लेकर जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें।



## गिद्धा कर नन्हें-मुन्नों ने किया मंत्रमुग्ध

**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व जहां धूमधाम से मनाया। वहीं. भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि कक्षा नर्सरी से केजी के विद्यार्थियों ने पंजाबी गिद्धा पर नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान नन्हें मुन्ने बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में काफी आकर्षक लग रहे थे। उन्होंने बताया कि बैसाखी पर्व के मौके पर बच्चों ने रंग बिरंगे परिधान पहनकर भांगड़ा और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर को सुंदर सजावट से सजाया गया। जिससे वातावरण पूर्णतः उत्सवमय बन गया। मौके पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। प्रधानाचार्या मोकिना ने बच्चों को डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके महान योगदान के बारे में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि बैसाखी पर्व जहां हमें मेहनत और खुशहाली का संदेश देता है। वहीं, डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें शिक्षा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का होता है सर्वांगिण विकास: सिंगला

- ग्लोब हेरिटेज स्कूल में हुआ प्रतिभा खोज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर




रादौर। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में सोमवार को प्रतिभा खोज व बैसाखी पर्व का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने किया।

स्कूल की कोऑर्डिनेटर मोनिका अरोड़ा व सपना ने बताया कि स्कूल परिसर में बच्चों की प्रतिभा को जानने व उन्हें निखारने के उद्देश्य से प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मंच पर नृत्य, संगीत, कविता पाठ, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का परिचय दिया। बच्चे बैसाखी पर्व के हिसाब से सज धज कर स्कूल में आए हुए थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने बैसाखी पर पारंपरिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाई।



## न्यू हैप्पी स्कूल में मनाया बैसाखी पर्व

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में सोमवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया। इस दौरान स्कूल में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर भी कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक विकास शर्मा ने बताया कि सोमवार को स्कूल में कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के नन्हें मुन्ने बच्चों ने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक परिधानों में विद्यालय आकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने पंजाबी लोकगीतों की मधुर धुनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। जिससे पूरा वातावरण आनंदमय और उत्साहपूर्ण हो गया। रंग बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया और विद्यालय का वातावरण अत्यंत खुशनुमा हो उठा। उन्होंने बताया कि इसके बाद वरिष्ठ कक्षाओं के बच्चों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वरिष्ठ बच्चों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तथा भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# अधिवक्ता बाबा साहेब के सिद्धांतों व बंधुत्व का करें पालन : विकास

- बार एसोसिएशन में मनाई बैसाखी पर्व व आंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। मुख्यअतिथि को सम्मानित करते बार एसोसिएशन के सदस्य।

जिला बार एसोसिएशन, जगाधरी के तत्वावधान में सोमवार को बार रूम में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती एवं बैसाखी के पावन पर्व पर मनाया गया। मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दयानंद भारद्वाज मुख्य रूप से मौजूद रहे। बार एसोसिएशन के महासचिव विशाल गर्ग एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डीसीडीआरसी यमुनानगर के अध्यक्ष राजबीर सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्पाजंलि व दीप प्रजवलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बार एसोसिएशन के महासचिव विशाल गर्ग कहा कि विधि व्यवसाय से जुड़े सभी व्यक्तियों का यह कर्तव्य है कि वे डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों, समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व का पालन करें। मौके पर बृजेश प्रताप, विजय चौधरी, माम चंद, गुरमुख सिंह, अनिल अग्रवाल, नितेश बंसल, राजबीर माजरा, अजय शांडिल्य आदि मौजूद रहे।

## भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने मनाई बाबा साहेब की जयंती

# आंबेडकर ने समाज में ऊंच नीच के भेदभाव किया समाप्त: औजला

**बाबा साहेब ने समाज से सभी बुराइयों व समाज को एक करने के लिए कानून बनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते स्थानीय लोग।

भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने रादौर के वार्ड नंबर 13 अंबेडकर नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। कार्यक्रम में गुरूद्वारा सिंह सभा के पूर्व प्रधान सरदार मेजर सिंह औजला व हिशम सिंह लालर ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता अकामदी के जिला प्रधान धर्म सिंह पिंकी ने की। मुख्यातिथि औजला व हिशम सिंह लालर ने बताया कि डॉ. बीआर अंबेडकर ने समाज में ऊंच नीच का भेदभाव खत्म कर सभी को समान जीवन जीने का अधिकार दिलवाया। समाज को एक करने के लिए कानून बनाए। मौके पर बलबीर हुड्डा, करनैल रपड़ी, रामकुमार, सत्यदेव ढांडा, सुरेंद्र सैनी, रामकुमार प्रजापत, मांगेराम अलीपुरा, सोहेल कश्यप, विनोद वाल्मीकि, सुरेश सैनी आदि रहे।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन अछूतों, महिलाओं व मजदूरों की भलाई के लिए था न्यौछावर : अरोड़ा



**रादौर।** स्वराज पब्लिक स्कूल में बैसाखी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य पूर्जा अर्चना कर किया गया। अध्यापिका ज्योति बाला ने विद्यार्थियों को बैसाखी पर्व के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि किसानों के लिए वैशाख का महीना और बैसाखी पर्व बहुत मायने रखता है, क्योंकि उनकी फसलों की कटाई शुरू हो जाती है। इस पर्व को वो लोग बड़े उत्सव की तरह मनाते हैं तथा इस दिन से नये साल की शुरुआत करते हैं। इस त्योहार को ना सिर्फ पंजाब में बल्कि हरियाणा, दिल्ली आदि सभी स्थानों पर मनाया जाता है। अध्यापिका दीक्षा अरोड़ा ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर वर्ष 14 अप्रैल को मनाई जाती है।

## ब्रह्मसरोवर पर आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 में मुख्यमंत्री ने किया विरासत प्रदर्शनी का उद्‌घाटन

# हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से परंपराओं के होते हैं दर्शन : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर पर आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 के दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा पैवेलियन में विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिंदर सिंह गोल्डी, पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक सुभाष सुधा, सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन धुम्मन सिंह किरमिच तथा जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीना भी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी के संयोजक अभिनव ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का लोक पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में उनका एक चित्र भी भेंट किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक पहल के माध्यम से प्रदेश की प्राचीन परंपराओं और गौरवशाली विरासत के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कृति से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। प्रदर्शनी के संयोजक अभिनव ने बताया कि प्रदर्शनी में हरियाणा के हस्तशिल्प और ग्रामीण जीवन से जुड़ी प्राचीन वस्तुओं का विशेष प्रदर्शन किया गया है। यहां दर्शकों को पारंपरिक जीवनशैली, रहन-सहन और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। मेले का मुख्य आकर्षण हरियाणवी पगड़ी सेक्शन और सेल्फी प्वाइंट बना हुआ है, जहां बड़ी संख्या में लोग पगड़ी पहनकर फोटो खिंचवाते नजर आ रहे हैं।

**सीएम को स्मृति चिन्ह के रूप में उनका एक चित्र भेंट किया**



कुरुक्षेत्र। विरासत प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## भंगड़ा-गिद्दा की धुनों पर झूमे नन्हे-मुन्ने

कुरुक्षेत्र। जिलाभर के शिक्षण संस्थानों में सोमवार को बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में बैसाखी का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा प्री - नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी पगड़ियां पहन कर सेल्फी करवाई तथा पंजाबी गीतों पर नृत्य का आंनद लिया। विद्यार्थियों को पंजाबी संस्कृति से परिचित करवाने की थीम को ध्यान में रखकर विद्यालय में सुंदर सजावट की गई। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा के अंतर्गत अध्यापिका कोमल ने कहा कि बैसाखी कृषि से जुड़ा हुआ एक त्योहार है, जिसे पंजाब और हरियाणा में काफी धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार सिख नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। सिख समुदाय में बैसाखी का त्योहार खालसा पंथ के स्थापना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्री बी डी गाबा जी ने सभी को बैसाखी की बधाई देते हुए कहा कि बैसाखी के समय आकाश में विशाखा नक्षत्र होता है। विशाखा नक्षत्र पूर्णिमा में होने के कारण इस माह को बैसाख कहते हैं।



## दंगल और पतंगबाजी ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह के पहले दिन सुबह से शाम तक दिनभर विभिन्न कार्यक्रम चले। केडीबी मेला ग्राउंड में बैसाखी महोत्सव को लेकर नागरिकों में खूब उत्साह व जोश देखने को मिला। खिलाड़ियों व विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पहलवानों ने दंगल अखाड़े में जोश अजमाइश दिखाते हुए खूब वाहवाही लूटी। कहीं अंतरराष्ट्रीय पतंगबाजी की टीम ने महोत्सव में पहले नागरिकों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खेल विभाग की तरफ से बैसाखी महोत्सव में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान बैसाखी केसरी, बैसाखी कुमार के लिए पुरुष व महिलाओं के बीच मुकाबले हुए। इन मुकाबलों में प्रदेशभर के पहलवानों ने हिस्सा लिया। बैसाखी केसरी पुरुष वर्ग के मुकाबलों में कर्ण शाहाबाद ने शुभम करनाल को चित्त किया। हर्ष रोहतक ने गौरव कैथल को हराया। गौरव कुरुक्षेत्र ने विकास कैथल को पराजित किया। अनिल सोनीपत ने सुरेंद्र कैथल को हराया। रजनीश कैथल ने शुभम कल्याणा को हराकर जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि महिला वर्ग के मुकाबलों में अंजू ईशराना ने राधिका पिहोवा को हराया। विनीता मैहला ने अर्शदीप कुरुक्षेत्र को पराजित किया। तनवी कुरुक्षेत्र ने मुस्कान ईशाक को हराकर जीत दर्ज की। इसी तरह दिव्या रोहतक ने मानसी अंबाला को हराकर जीत दर्ज की।



कुरुक्षेत्र। पतंग उड़ाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### विभिन्न प्रकार की पगड़ियां बांधकर लोगों ने ली सेल्फी

बैसाखी महोत्सव में विभिन्न प्रकार की पगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। पंजाबी और हरियाणवी स्टाइल की पगड़ी कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रही। इस कार्यक्रम स्थल पर जगह-जगह सेल्फ प्वाइंट बनाए गए हैं। प्रदेशभर से पहुंचे नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की पगड़ियां बांधकर खूब सेल्फी उतारी। कार्यक्रम के दौरान स्कूल, कॉलेज, आईटीआई के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

### मुख्यमंत्री व स्वामी ज्ञानानंद ने उड़ाई पतंगें

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने बैसाखी महोत्सव में बनाए गए पतंग पवेलियन का शुभारंभ तो किया ही और इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खुद भी 6 फीट ऊंची पतंग उड़ाकर पतंगबाजी में हिस्सा लिया। इस महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय पतंगबाजी की टीमें पहुंची हुई है। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रकार की पतंगें उड़ाकर समारोह को चार चांद लगाने का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में पहली बारे बड़े स्तर पर बैसाखी का तैयार मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शहर के नागरिक बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं।*

### बैसाखी हमारे लिए गौरवशाली धरोहर का सम्मान: ज्ञानानंद

*गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र की धरा से एक नई पहल का उदय बैसाखी मेला के रूप में किया है। बैसाखी उत्सव हमारे लिए गौरवशाली धरोहर का सम्मान है। जो नई फसलों का अभिनंदन, मौसम परिवर्तन का अभिनंदन और खालसा साधना का संदेश है। मुख्यमंत्री के संकल्प नए आदर्श प्रेरणाओं के माध्यम बन रहे हैं। देश की बहुत अधिक ऐसी पहलें एवं दिव्यताएं हैं, जिन्हें देखकर विश्व भारत को अग्रणी मान रहा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती की पहल हुई थी, अब करीब 40 लाख श्रद्धालुओं का यहां आना-जाना हो रहा है।*

### गीता कन्या विद्यालय में हुई पोस्टर बनाओ स्पर्धा



**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बैसाखी पर्व एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा द्वादश तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न पर्वों की गहन जानकारी करवाना एवं उनकी प्रतिभा को पहचानना एवं निखारना है । कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा प्रज्ञा ने बताया कि बैसाखी वैशाख सौर मास का प्रथम दिन होता है। गिद्धा और भांगड़ा करके इस त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। 11वीं कक्षा की सरगम ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे और उन्हें भारतीय संविधान के जनक के रूप में याद किया जाता है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष जितेंद्र जांगड़ा, प्रबंधक बलबीर शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी व प्राचार्य सुमन बाला ने सभी को बैसाखी पर्व एवं डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती की बधाई दी।

### सतलुज स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम




**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बैसाखी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चे रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए, जिससे स्कूल का वातावरण पंजाब की समृद्ध संस्कृति के रंगों में रंगा हुआ दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार लोक नृत्य (गिद्दा और भंगड़ा) प्रस्तुत किया और सुरीले लोक गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। कुछ विद्यार्थियों ने बैसाखी के महत्व पर आधारित सुंदर कविताएं भी प्रस्तुत कीं। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आर. एस. घुम्मन ने बच्चों को संबोधित करते हुए बैसाखी के पावन पर्व की बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बैसाखी न केवल फसलों के पकने और नई ऋतु के आगमन का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे देश की सांस्कृतिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देती है। कार्यक्रम के अंत में सभी नन्हे प्रतिभागियों को 'पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट' देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य सतबीर सिंह सहित पूरा स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### बीआर इंटरनेशनल स्कूल में मनाया पर्व



कुरुक्षेत्र। बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रांगण में बैसाखी का पर्व इवेंट इन्चार्ज मीनू जसूजा की देखरेख में हर्ष के साथ मनाया गया। स्पेशल असेम्बली कक्षा 1 व 2 के बच्चों ने संभाली। कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के दृश्य को जीवंत किया व कक्षा 6 से कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने पंजाब की रंगारंग संस्कृति को भांगड़ा व गिद्दे के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी, एल.के.जी. व यू.के.जी. के नन्हें बच्चें फैंसी ड्रेस में बहुत सुंदर लग रहे थे। सभी बच्चों को पारितोषिक दिया गया। कक्षा 9 से कक्षा 12 के बच्चों में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई जिसमें साजन सैनी (9ए) प्रथम, सनमीत (10ए) द्वितीय व गुरमीत (9ए), शेत (9ए) तृतीय स्थान पर रहे। कॉमर्स के छात्र निश्चयजीत ने मंच का संचालन किया। असेम्बली इंचार्ज मधु शर्मा ने खालसा पंथ की स्थापना, 1919 का जलियांवाला बाग हत्याकांड व बैसाखी के दिन किसानों की कनक की खुशी को विस्तारपूर्वक सभी को समझाया। प्राचार्या पूजा कंबोज ने आज स्कूल की प्रशासनिक टीम की घोषणा की। स्कूल के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने सबको शुभाशीष देते हुए परिवार, समाज, देश व दुनिया के लिए अच्छा सोचने व अच्छा करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व के पीछे एक संदेश छुपा है और स्कूल अपने सभी बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए अपने कर्तव्य को समझता है।

### विद्यार्थियों ने दी भांगड़ा और गिद्दा की प्रस्तुति



**पिहोवा।** अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल पिहोवा में बैसाखी का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम, उत्साह और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से की गई, जिसके बाद पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर छोटे-छोटे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पंजाबी भांगड़ा, पंजाबी गिद्दा और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। रंग-बिरंगी और पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सजे बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से भारतीय संस्कृति की समृद्ध झलक पेश की। सुंदर-सुंदर फैंसी ड्रेसों में सजे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। स्कूल चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने बच्चों को बैसाखी पर्व का महत्व समझाते हुए बताया कि बैसाखी का पर्व नई फसल की खुशी, मेहनत और समृद्धि का प्रतीक है। वहीं प्रिंसिपल दुर्गेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों की जानकारी देना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों और बच्चों के प्रयासों की सराहना की और सभी को बैसाखी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### खरीद केंद्र में सुविधाओं के अभाव से किसान नाराज

कुरुक्षेत्र। थानेसर अनाज मंडी के अंतर्गत गांव बारना में बनाए गए खरीद केंद्र में सुविधाएं न मिलने से किसान नाराज दिखाई दिए। ग्रामीणों का कहना है कि न तो यहां पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही बैठने की जगह। किसानों ने मांग की है कि बारना केंद्र पर सभी सुविधाएं दी जाएं। सोमवार को किसानों के साथ बातचीत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव टेकचंद बारना ने कहा कि पोर्टल के नाम पर किसान परेशान हो रहे हैं। उन्होने बताया कि पोर्टल न चलने के कारण सोमवार को घंटों तक किसान इंतजार में खड़े रहे। इस समय गेहूँ कटाई का सीजन जोरों से चल गया है। ऐसे में घंटों तक किसानों को इंतजार करना पड़ रहा है। टेकचंद ने कहा कि खरीद केंद्र के रास्ते पर पानी खड़ा है, जबकि मेन रोड़ की तरफ वाले रास्ते से किसानों को खतरे में पड़ कर खरीद केंद्र में आना पड़ता है।



### 20 अप्रैल से आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्य बंद करने की दी चेतावनी

कुरुक्षेत्र। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने 20 अप्रैल से आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्य बंद करने की चेतावनी दी है। इसके तहत प्रदेश के करीब 600 अस्पतालों का 300 करोड़ रुपये का भुगतान फंस गया है और निजी अस्पतालों को सितंबर, 2025 से अब तक किसी भी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। यह फैसला 7 अप्रैल को ऑनलाइन बैठक में पैनल में शामिल अस्पतालों ने एकमत से लिया। यह कहना है आइएमए की पदाधिकारी डॉ. सुमन सेठी का। उन्होंने कहा कि इस संबंध में इंडियन मेडिकल के एसोसिएशन (आइएमए) के पदाधिकारियों ने आयुष्मान भारत हेल्थ प्रोटेक्शन अथारिटी के सीईओ को पत्र भेजा है। साथ ही चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान नहीं होता तो योजना के पैनल में शामिल अस्पताल 20 अप्रैल के बाद सेवाएं बंद कर सकते हैं। डॉ. सेठी ने बताया कि तय नियमों के अनुसार 15 दिनों में अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत भुगतान किया जाना चाहिए।

### सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने महान गायिका के योगदान को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पुरुषोत्तम ने कहा कि आशा भोसले ने भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी बहुमुखी गायकी और अनगिनत यादगार गीत सदैव संगीत प्रेमियों के हृदय में जीवित रहेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आशा भोसले का संगीत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। शोक सभा का समापन उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रो. शुचिस्मिता, डॉ. आरती श्योकंद, ज्ञान सागर, पुरुषोत्तम कुमार, सीमा जौहरी, दीपक शर्मा, अरूप चटर्जी, सतीश शर्मा, नितिन शर्मा, सुशील कुमार सहित शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद थे।

## चरित्र, संस्कार और शिक्षा सशक्त राष्ट्र की आधारशिला: मंगलदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- केयू में डॉ. आंबेडकर जयंती पर युवा गोष्ठी का आयोजन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर डॉ. आंबेडकरः राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर युवा गोष्ठी का आयोजन कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में सीनेट हॉल में डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र एवं स्वामी विवेकानंद विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। आशीर्वचन देते हुए स्वामी ज्ञान मंगलदास ने कहा कि चरित्र, संस्कार और शिक्षा किसी भी सशक्त राष्ट्र की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि बिना संस्कारों के शिक्षा अधूरी है। शिक्षा ज्ञान देती है, जबकि संस्कार सही दिशा प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें विद्यार्थियों के समग्र विकास, विशेषकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। अध्यक्षीय संबोधन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव ले. वीरेंद्र पाल ने कहा कि आज आंबेडकरवाद की विभिन्न व्याख्याएँ प्रचलित हैं, लेकिन वास्तविक समझ तभी विकसित होती है जब व्यक्ति डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के मूल लेखन का अध्ययन करता है।



## साधना में नाद दीक्षा का बहुत महत्त्व : सिद्धार्थ औलिया



**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2026 तक सिद्धार्थ ध्यान योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। समर्थगुरु धारा मैत्री संघ जम्मू कश्मीर के कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. विजय शर्मा और जम्मू कश्मीर के साधकों की टीम ने बहुत सुन्दर और भव्य आयोजन किया। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरू ने बताया कि आत्मा से जुड़ना ज्ञान है। परमात्मा अर्थात हुकमी से जुड़ना भक्ति है। सभी साधकों ने अहोभाव और हार्दिक कृतज्ञता के साथ उत्सव मनाया, क्योंकि उन्हें 'दिव्य नाद' के अनमोल अनुभव का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। सभी आचार्यों द्वारा साधकों को सिद्धार्थ ध्यान योग में अपने जीवन को सुंदर ढंग से जीने के लिए महात्मा बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग के साथ साथ आत्मा और परमात्मा का ध्यान करने की कला अद्भुत ढंग से सिखलाई जाती है ।

### टी-20 मैच में केयूके स्टार व शिव योद्धा के बीच मुकाबला आज

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल प्रांगण में मंगलवार को सुबह 9 बजे केयूके स्टार व शिव योद्धा के बीच कड़ा मुकाबला होगा। वहीं दूसरे मैच में स्पार्टन टीम केयूके वॉरियर्स से भिडेगी। 5वें अनौपचारिक केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के आयोजक रशपाल सिंह ने बताया कि अब तक खेले गए 5 मैचों में सर्वश्रेष्ठ स्कोर केवल 157 रहा है। वहीं कम स्कोर वाले मैचों में टीमों के बीच कांटे की टक्कर भी रही है। उन्होंने बताया कि प्वाइंट टेबल के अनुसार केयूके स्टार ने दोनों मैच जीतकर सबसे पहले पायदान पर खड़ी है। वहीं दूसरी ओर 3 मैचों में से 2 मैच जीतकर स्टार क्रिकेट क्लब दूसरे, केयूके स्पार्टन 2 में से 1 मैच जीतकर तीसरे, केयूके वॉरियर्स चौथे व शिव योद्धा टीम 5वें स्थान पर है।

## नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम

# बाबा साहेब के विचार समाज को दिशा दे रहे : लांग्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र के योग भवन में डॉ. भीमराव आंबेडकरः सामाजिक क्रांति और राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ . भीमराव आंबेडकर की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. राम भक्त लांग्यान (पूर्व आईएएस एवं अध्यक्ष, अंबेडकर भवन कुरुक्षेत्र) ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्याय, समानता एवं शिक्षा के मूल्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने में अत्यंत प्रासंगिक हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने एक-एक क्षण शिक्षा को प्राप्त करने में लगाया। उनका जीवन हमारे लिए एक आदर्श है। हम सभी को उनके संघर्षपूर्ण जीवन से शिक्षा लेकर अपना-अपना लक्ष्य बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाबा साहेब की शिक्षाओं से संबंधित साहित्य भी वितरित किया गया, जिससे वे उनके विचारों और शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात कर सकें। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित सभी को गहराई से प्रभावित किया। इसके साथ ही सांसद नवीन जिन्दल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए किए गए प्रयासों पर आधारित एक विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसने छात्रों में राष्ट्रभक्ति और जागरूकता की भावना को और प्रबल किया।



कुरुक्षेत्र। मेधावी छात्र को सम्मानित करते अतिथिगण।

### प्रतियोगिता में विजेता 30 मेधावी छात्रों को नकद राशि व आकर्षक पुरस्कार दिए

इस अवसर पर निबन्ध लेखन, स्लोगन लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता 30 मेधावी छात्रों को नकद राशि व आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इन छात्रों में प्राची, देवर, सुजल, अर्पिता, मेघराज, पलक, ज्योति रानी, मनस्वी, एंजेल अरोड़ा, हिमांशी, मन्नत, नीति, दैविक, साधिका दीक्षित, नंदिनी वर्मा, कार्तिक, सोमेश, सन्वी, गौरव सैनी, इंद्रजीत सिंह, विनायक भाटिया, शिव अरोड़ा, युवानी, हविशा मेहरा, तनित धीमान, यथार्थ गर्ग, जसन, कुश करण, अनहद और यशी शामिल रहे। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों को सांसद नवीन जिन्दल की ओर से बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन पर आधारित पुस्तक और राष्ट्रीय ध्वज भेंट किए गए। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन निरंतर ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का कार्य करता रहेगा, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचारों से युवा पीढ़ी प्रेरणा लेकर एक बेहतर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने के लिए उन्होंने विद्यालय प्रशासन का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. बीआर आंबेडकर के नाम पर पुरस्कार का स्वागत

**अंबाला।** डॉ बीआर आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके नाम पर अमेरिका में एक वैश्विक पुरस्कार शुरू किया गया है। स्थानीय आंबेडकरवादी विचारकों ने अमेरिका संस्था की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे डॉ बीआर अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिता बताया है। आंबेडकरवादी विचारक डॉ रविकांत व प्रो धर्मवीर सिंह ने बताया कि अमरीकी की अग्रणी संस्था सोसाइटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ अमेरिकन फिलोसॉफी ने 'ग्लोबल प्रैग्मेटिज़्म' में भीमराव आंबेडकर पुरस्कार की स्थापना की है। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी शैक्षणिक संस्था ने डॉ आंबेडकर के नाम पर कोई पुरस्कार स्थापित किया है। यह कदम न केवल डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों का सम्मान है बल्कि दुनियाभर में दलित अस्मिता की पहचान भी है।

### चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू

**अंबाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि आंला शहर में नगर निगम चुनाव व पंचायती राज संस्थाओं के उपचुनाव के तहत आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि इन चुनावों के तहत चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस 15 अप्रैल, 2026 को जारी किया जाएगा और उम्मीदवार 21 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल, 2026 के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल 2026 को की जाएगी और उम्मीदवार 28 अप्रैल,को दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं।

### चोरी के सामान सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस अम्बाला ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान थाना पंजोखरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सेक्टर-सी डिफेंस कॉलोनी अंबाला छावनी में स्थित बंद मकान में सेंध लगाकर बिजली तार बंडल व अन्य सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। शिकायतकर्ता शुभम वासी गांव कलरहेड़ी ने 11 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने सैक्टर-सी डिफेंस कॉलोनी में स्थित बद मकान से चोरी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। थाना पंजोखरा पुलिस व टीम ने तकनीकी संसाधनों और सूचनाओं के आधार पर कार्यवाई करते हुए आरोपियों को गांव कलरहेड़ी से काबू किया है।

### 250 ग्राम गांजा के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव किनाना के निकट एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 250 ग्राम गांजा बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव किनाना निवासी धर्मबीर नशीले पदार्थो का कारोबार करता है। गांव मे नशीले पदार्थ को बेचने के लिए ग्राहको का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्वाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। पुलिस ने जब आरोपित की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 250 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी, केस

**जींद।** गांव जलालपुरा खेतो से बीती रात चोरो ने ट्रास्फार्मर के कीमती उपकरणो को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बिजली निगम ने गांव जलालपुरा कलां निवासी हरनारायण के खेत मे ट्रास्फार्मर रखा था। बिती रात चोरो ने बिजली ट्रास्फार्मर के कीमती उपकरणो को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों के लिए नए नियम बने मुसीबत, मंडी के गेट के पास जाम की स्थिति

**समय पर नहीं हो रहा गेहूं का उठान, सर्वर डाउन होने से नहीं चल पा रहा बॉयोमेट्रिक सिस्टम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

प्रदेश सरकार द्वारा मंडियों में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों के लिए बनाए गए नए कानून परेशानी पैदा कर रहे हैं। मंडियों में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को ट्रेक्टरों के आगे नंबर लिखने तथा बॉयोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाने के सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के चलते किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी आदेशानुसार मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों के लिए मंडी के द्वार पर बनाये गए केंद्रों पर बॉयोमेट्रिक मशीन से अंगूठा लगाने तथा उनकी फोटो आदि खींचने के काम में काफी समय लगने से मंडी के मुख्य द्वार पर ट्रैक्टर ट्रालियों का जाम लगना शुरू हो गया है।

मार्केट कमेटी सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि बार बार सर्वर डाउन हो जाने के चलते किसानों को इन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। सचिव के अनुसार वे स्वयं तथा उनके कार्यालय का सारा स्टॉफ इसी कार्य पर लगा है कि मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े।



नारायणगढ़। सर्वर डाउन की समस्या के चलते मंडी गेट पर लगा जाम।

मुख्य द्वार पर गेंहू से भरी ट्रेक्टर ट्रॉलियों की लगी लंबी कतारों के चलते लगे जाम के बारे में सचिव ने बताया कि बार बार सर्वर डाउन हो जाने से किसानों का अंगूठा बॉयोमेट्रिक मशीन पर नहीं लग रहा है।

उनका यही प्रयास है कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े। इसलिए वे अपने सारे स्टाफ के साथ किसानों को समझाने में लगे हैं कि वे सर्वर डाउन की समस्या बारे अपने उच्चाधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। दूसरी ओर अनाज मंडी में गेंहू की आवक दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

### हैफेड तथा स्टेट वेयरहाउस है गेहूं खरीद एजेंसी

अनाजमंडी से गेंहू की सरकारी खरीद का जिम्मा सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड तथा स्टेट वेयरहाउस को दिया हुआ है। सोमवार ,बुधवार तथा शुक्रवार को मंडी से सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड खरीद करेगी तथा मंगलवार , वीरवार तथा शनिवार को स्टेट वेयरहाउस खरीद करेगी। स्टेट वेयरहाउस ने अभी तक लगभग 12500 क्विंटल गेंहू की खरीद की है, परन्तु उनके द्वारा मंडी से मात्र लगभग 2500 क्विंटल गेंहू का उठान किया है। स्टेट वेयरहाउस के पास मंडी में गेंहू खरीदने के लिए बारदाने की कमी होने के चलते आढ़तियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे वेयरहाउस के उच्चाधिकारियों को अनेकों बार अवगत करा दिया गया है परन्तु बारदाने की समस्या ज्यों की त्यों खड़ी है।

## कॉलेज प्रांगण में धूमधाम से मनाया बैसाखी उत्सव

# छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा सब दर्शकों का मन

**बैसाखी केवल फसल कटाई का पर्व ही नहीं, बल्कि नए उत्साह, समृद्धि का प्रतीक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराड़ा में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के निर्देशन में पंजाबी विभाग एवं संगीत विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मैडम मनप्रीत कौर, मैडम रेनू तथा मास्टर जितेंद्र कुमार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और शब्द गायन, कविता पाठ तथा भांगड़ा प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया। संगीत विभाग की बी.ए. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओंकृसपना, जसप्रीत कौर, उमंग और समृतिकृने "गुरु पूरे मेरी राख लई" शब्द की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। पंजाबी विभाग की छात्राओं ने कविता पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें जसदीप कौर, कोमल रानी, जसप्रीत कौर, वंशिका, मिनाक्षी,



बराड़ा। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्टूडेंटस। फोटो : हरिभूमि

स्वाति और अंजू ने भाग लिया। वहीं भांगड़ा प्रस्तुति में बीकॉम प्रथम वर्ष की प्रभजोत, नंदिनी तथा बीए द्वितीय वर्ष की सपना, भवनीत, काजल और अंजू ने उत्साहपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. विर्क ने अपने संबोधन में कहा कि बैसाखी केवल फसल कटाई का पर्व ही नहीं, बल्कि नए उत्साह, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें मेहनत, एकता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का संदेश देता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस प्रकार किसान अपनी मेहनत से फसल उगाता है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में परिश्रम और लगन से सफलता प्राप्त करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाज में भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया। डॉ. विर्क ने बैसाखी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने 13 अप्रैल 1699 को आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस दिन 'पाँच प्यारों' को अमृतपान कराकर एक निडर और समानतावादी समाज की नींव रखी गई थी। उन्होंने कहा कि यह पर्व अत्याचार के खिलाफ प्रतिरोध और समानता का प्रतीक है। कार्यक्रम का समापन उत्साह और उमंग के माहौल में हुआ।

### अकाल अकादमी होली में बैसाखी उत्सव मनाया

*बराड़ा। अकाल अकादमी होली में बैसाखी का पर्व बड़े श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। यह पर्व गुरु गोबिंद सिंह द्वारा वर्ष 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है और सिख धर्म में विशेष महत्व रखता है। कार्यक्रम की शुरुआत सुखमनी साहिब के पाठ से हुई, जिससे पूरे विद्यालय में आध्यात्मिक और शांत वातावरण स्थापित हो गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से ईश्वर का स्मरण करते हुए बैसाखी के महत्व को समझा। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मधुर शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। भक्ति भाव से ओत-प्रोत इन प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया तथा सिख धर्म की मूल शिक्षाओं समानता, साहस और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दुमाला प्रतियोगिता रही, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से पारंपरिक सिख पगड़ी बांधने की कला का प्रदर्शन किया गया, जो अनुशासन, आत्मविश्वास और सिख पहचान के प्रति सम्मान को दर्शाता है। समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर बैसाखी उत्सव सफल और प्रेरणादायक रहा।*



बराड़ा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टूडेंट्स। फोटो : हरिभूमि

### बैसाखी पर्व व बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर ज़रूरतमंदों को राशन वितरित किया



शहजादपुर। जरुरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

**शहजादपुर।** सेवा सहयोग सोसायटी की ओर से हर तीज त्यौहार व महापुरुषों के जन्मदिवस पर गरीब व असहाय परिवारों को राशन वितरित किया जाता है। हर महीने लगभग पचास ज़रूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की जाती है । संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. हरप्रीत सिंह गिल ने इस अवसर पर कहा कि बैसाखी वाले दिन का अपना एक बहुत बड़ा महत्त्व है क्योंकि इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी जिसका उद्देश्य गरीब की रक्षा व मदद करना और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना था । गुरु जी ने हमेशा मज़लूम की मदद की और लोगों को सच्चाई पर चलने का संदेश दिया । संस्था के महासचिव डॉ. सुरजीत कुमार परोचा ने इस अवसर पर अवसर पर बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष और सामाजिक मूल्यों से परिपूर्ण रहा है और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए उन्होंने समाज के लिए एक नई दिशा दी है और भारतीय संविधान के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया । उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त जातिवाद और सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए उन्होंने बहुत ही सार्थक प्रयास किए । संस्था की ओर से इस अवसर पर बालक राम सरपंच,रविंद्र सिंह, डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. विकास कुमार,जतिंदर शर्मा, नरेंद्र सिंह,विकास मेहरा व राम कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# 7 लाख 95 हजार रुपये की ठगी मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना साइबर क्राइम पुलिस लगातार साइबर ठगों को काबू कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी कड़ी में 12 अप्रैल 2026 को साइबर पुलिस की टीम ने एपीके फाइल डाउनलोड करवा कर नकली पीएनबी बैंक कर्मचारी बनकर कर उसे आर्नलाइन बैकिंग सिखाने के नाम पर 7 लाख 95 हजारं रूपयों की ठगी करने के मामले में आरोपी हर्ष निवासी फेस-1 विजय विहार सेक्टर-5 रोहिणी नार्थ वेस्ट दिल्ली व शनि निवासी गांव जहांगीरपुर मोदीनगर गाजियाबाद यूपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी हर्ष का बैंक खाता प्रयोग हुआ है ।

साइबर पुलिस निरीक्षक राजबीर ने बतलाया कि शिकायतकर्ता जसविंद्र सिंह ने 21 जनवरी 2026 को शिकायत में बताया था कि 14 जनवरी 2026 से 17 जनवरी 2026 के बीच ठग ने ऑनलाइन एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर नकली बैंक कर्मचारी बन कर 7 लाख 95 हजारं रूपयों की ठगी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अब दो आरोपियों को काबू किया है।

पुलिस ने आरोपियों को काबू कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी हर्ष को न्यायिक हिरासत में भेज दिया व आरोपी शनि को पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ कर ठगी गई राशि बरामद की जाएगी तथा मामले में संलिप्त अन्य साथियों बारे जानकारी हासिल कर उन्हें काबू किया जाएगा। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी साइबर ठग के बहकावे में आकर ऑनलाइन पैसे कमाने के लालच में न आएं, साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करके अपनी शिकायत तुरंत दर्ज करवाएं ताकि समय रहते उचित कार्यवाही हो सके।



अंबाला। ठगी में पकड़ गए आरोपी।

**खास बातें**

- ठग ने ऑनलाइन एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर नकली बैंक कर्मचारी बन कर दिया वारदात को अंजाम

### स्नैचिंग के मामले में भगोड़ा गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस द्वारा 'पीओ एवं बेल जंपर' के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बराड़ा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए स्नैचिंग के मामले में घोषित अपराधी को काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान लखबीर सिंह उर्फ लक्की, के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2023 में स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने के संबंध में थाना में मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, जिसके चलते माननीय न्यायालय द्वारा उसे 6 अप्रैल 2026 को उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस के विशेष अभियान के तहत गठित टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। आरोपी को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक हाकम सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंबाला के निर्देशानुसार जिले में अपराधियों और भगोड़ों के खिलाफ अभियान जारी है किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# 400 से ज्यादा छात्रों ने उत्साह से लिया भाग

**स्वास्थ्य जागरुक गतिविधियों का समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला छावनी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चली विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों का समापन हो गया। प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने इस जागरूकता शिविर के लिए रेड रिबन क्लब के सदस्यों को बधाई दी। इस अभियान का संचालन रेड रिबन क्लब की संयोजक डॉ. अंजू तंवर के निर्देशन में किया गया। इसमें कुल 400 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रो. नेहा रानी द्वारा 'ईट राइट' प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। डॉ. आभा चौधरी द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के लाभों से अवगत कराया गया। डॉ. उमा शशि द्वारा स्वास्थ्य विषयक एक शैक्षिक फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। डॉ. तरसेम कुमार एवं डॉ. पूजा देवी द्वारा रक्त जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डॉ. बिंदु द्वारा नैको ऐप व टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1097 के प्रचार-प्रसार की गतिविधि करवाई।



अंबाला। सम्मानित किए गए छात्र। फोटो : हरिभूमि

# 40 लाख सब्सिडी घोटाले में पांच आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यहां के बागवानी विभाग में लगभग 40 लाख रुपये की सब्सिडी घोटाले के मामले में सोमवार को आर्थिक अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते पांच कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया। पिछले साल जनवरी 2025 में मुख्यमंत्री फ्लाइंग स्क्वॉड की टीम ने इस घोटाले का खुलासा किया था, जिसके बाद तत्कालीन जिला बागवानी अधिकारी समेत कुल नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। विभागीय जांच रिपोर्ट के आधार पर आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने सोमवार को माली हैप्पी सिंह, माली नवनीत, सलाहकार शिवम, माली राजेश कुमार और लेखाकार गुरविंदर सिंह को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस अब रिमांड के दौरान इन आरोपियों से सख्त पूछताछ करेगी कि गबन की गई लाखों रुपये की राशि कहां छिपाई गई है और इस घोटाले में विभाग के अन्य बड़े अधिकारी कौन-कौन शामिल थे। मामले की जांच अभी जारी है और पुलिस ने संकेत दिया है कि जल्द ही अन्य लोगों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। यह मामला सरकारी सब्सिडी योजनाओं में दस्तावेजों की सही जांच न करने और मिलीभगत की आम समस्या को एक बार फिर उजागर करता है। हरियाणा सरकार ऐसे घोटालों पर सख्त रुख अपनाए हुए हैं और आगे की जांच से कई और बड़े नाम सामने आने की संभावना है।

# कानून नगर निगम के लिए तीन लाख की जनसंख्या तय

हरिभूमि न्यूज:अंबाला

अंबाला नगर निगम चुनाव की घोषणा हो गई। मगर जनसंख्या का नया विवाद भी खड़ा हो गया। कानून नगर निगम के लिए तीन लाख की जनसंख्या तय है। मगर अंबाला नगर निगम के एरिया की जनसंख्या तीन लाख से कम है। इसी वजह से अब चुनाव की आधिकारिक घोषणा से पूर्व ही अंबाला शहर के पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमारने हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग को कानून नोटिस भेजा है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण तथ्य एवं कानूनी पॉइंट उसके संज्ञान में लाया कि अंबाला नगर निगम की ताज़ा आधिकारिक जनसंख्या कानूनन आवश्यक अर्थात हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार आवश्यक (न्यूनतम) तीन लाख की सीमा से करीब 41 हजार कम है।

## मंडी व्यवस्था पर सांसद वरुण चौधरी ने उठाए सवाल

# मौसम की मार के साथ सरकारी नीतियों का बोझ झेल रहे किसान

- नई व्यवस्था की तुरंत समीक्षा कर गेट पास और बायोमेट्रिक प्रणाली को समाप्त किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी ने सोमवार को हलका मुलाना और अंबाला नई छावनी अनाज मंडियों का दौरा कर किसानों, मजदूरों और आढ़तियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मंडियों में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा निशाना साधा। सांसद ने कहा कि वर्तमान पोर्टल आधारित व्यवस्था और बायोमेट्रिक प्रणाली किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार "पोर्टल-पोर्टल" का जप तो करती है, लेकिन स्वयं उसकी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से लागू नहीं कर पा रही। पोर्टल बार-बार बंद रहने और गेट पास जारी न होने के कारण मंडियों में लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि फसल उठान में देरी के कारण मंडियों में गेहूं के ढेर लगे हुए हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार के दावों के विपरीत जमीनी हकीकत यह है कि किसान अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हैं। सांसद चौधरी ने कहा कि "किसानों पर एक तरफ मौसम की मार है तो दूसरी तरफ सरकारी नीतियों का बोझ, जिससे हालात बेहद गंभीर हो गए हैं।" उन्होंने 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' पोर्टल, बायोमेट्रिक व्यवस्था, ट्रैक्टर-ट्रॉली पंजीकरण और फोटो अपलोड जैसी प्रक्रियाओं को अनावश्यक जटिल बताते हुए इसे किसानों पर थोपा गया "तुगलकी फरमान" करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गेट पास की समय-सीमा किसानों की व्यावहारिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। साथ ही आढ़ती वर्ग की समस्याओं का जिक्र करते हुए बताया कि बढ़ती महंगाई के बावजूद आढ़त दरों में वृद्धि न होने से उनका आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' पोर्टल के तहत कई किसान पंजीकरण से वंचित रह गए हैं, जिससे वे अपनी फसल बेचने में असमर्थ हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि नई व्यवस्था की तुरंत समीक्षा कर गेट पास और बायोमेट्रिक प्रणाली को समाप्त किया जाए। इसके साथ ही पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर करने, खरीद केंद्रों पर गुणवत्ता जांच लैब को पूरी तरह चालू करने, मंडियों में पर्याप्त सुविधाएं और भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आढ़त दरों को महंगाई के अनुरूप बढ़ाने की मांग की। सांसद चौधरी ने आशा जताई कि सरकार इस मुद्दे पर शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगी, ताकि किसानों और आढ़ती वर्ग को राहत मिल सके।



बराड़ा। अनाज मंडी में किसानों से मुलाकात करते हुए सांसद वरूण चौधरी।